

मेरा कॉलम

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

नकली चाबी

रात के ठीक दो बजकर पैंतीस मिनट पर शहर के बाहरी इलाके में खड़े एक वीरान, अधबने कंक्रीट के ढांचे की सोलहवीं मंजिल पर एक टार्च की मद्धिम रोशनी चमकी।

नीचे मुख्य द्वार पर लगे विशाल डिजिटल एलईडी बिलबोर्ड पर रंग-बिरंगे अक्षर जगमगा रहे थे 'ड्रीम वैली स्मार्ट होम्स- आपका स्वर्ग, आपकी चाबी! रेरा पंजीकृत एवं शत-प्रतिशत सुरक्षित।'

तभी नीचे बैठे चौकीदार के मोबाइल पर मोशन-सेंसर का लाल अलर्ट बजा। स्क्रीन पर चेतावनी उभरी 'टावर नंबर सात की सोलहवीं मंजिल पर संदेहास्पद हरकत!'

कंट्रोल रूम में सनसनी फैल गई। पिछले छह सालों से बंद पड़े इस भूतहा, बिना लिफ्ट और बिना प्लास्टर वाले कंक्रीट के जंगल में आधी रात को कौन चढ़ा था? क्या कोई लोहे के सरिए काटने वाला गिरोह घुसा था? या कोई अनहोनी होने वाली थी?

सायरन बजाती हुई पुलिस की रात्रि गश्त वैन और चौकीदार टार्च चमकाते हुए अंधेरी, टूटी सीढ़ियों पर दौड़ पड़े। रोमांच और रहस्य हर कदम के साथ गहराता जा रहा था।

जब दारोगा जी हांफते हुए सोलहवीं मंजिल के उस खुले, बिना रेलिंग वाले ढांचे पर पहुंचे, तो टार्च की रोशनी में जो दृश्य दिखा, उसने वर्दी की सारी सख्ती पिघला दी।

वहां न कोई चोर था, न कोई गिरोह।

नंगी ईंटों के उस ठंडे फर्श पर चौंसठ साल के रिटायर्ड क्लर्क गोपाल बाबू अपनी बीमार पत्नी कमला को एक पुरानी प्लास्टिक की कुर्सी पर बैठाए खड़े थे। पास में ईंट के टुकड़ों के बीच एक छोटा सा मिट्टी का दीया टिमटिमा रहा था।

दारोगा ने घबराकर पूछा, अरे बाबूजी! इस खंडहर में इतनी ठंड में आधी रात को क्या कर रहे हो? रेलिंग भी नहीं है, नीचे गिर जाओगे!

गोपाल बाबू ने अपनी सूखी, धंसी हुई आंखों से उस अधूरी दीवार की तरफ देखा। उनकी आवाज किसी गहरी खाई से निकलती हुई लगी।

दारोगा जी... आज पूरे दस साल हो गए। कमला को आखिरी स्टेज का फेफड़ों का रोग है। डॉक्टर ने कह दिया है कि अब कुछ घंटों की मेहमान है। इसने दस साल से बस एक ही जिद पकड़ रखी थी कि मरने से पहले एक बार अपने पैसे से खरीदे हुए इस 1604 नंबर फ्लैट में दीया जलाना है...

यार, तुमने कभी किसी सीधे-सादे आदमी को अपने ही खून-पसीने की कमाई से खरीदे गए खंडहर में गृह-प्रवेश करते देखा है?

दस साल पहले गोपाल बाबू ने अपनी पूरी ग्रेच्युटी, पत्नी के गहने और बैंक से भारी कर्ज लेकर अड़तीस लाख रुपये इस 'स्मार्ट टाउनशिप' में लगाए थे। बिल्डर ने एचडी ब्रॉशर दिखाकर वादा किया था कि चौबीस महीने में चाबी हाथ में होगी।

चौबीस महीने दस साल में बदल गए। बिल्डर ने पोर्टल पर इस कंपनी को 'दिवालिया' घोषित किया और अगले ही महीने शहर के दूसरे छोर पर पचास करोड़ का नया 'अल्ट्रा-लग्जरी प्रोजेक्ट' लॉन्च कर दिया।

पिछले सात साल से गोपाल बाबू हर महीने 'डिजिटल रेरा ग्रीवेंस पोर्टल' पर शिकायत अपलोड करते रहे। हर बार सॉफ्टवेयर ने बड़ी शालीनता से एक ही ऑटोमेटेड जवाब भेजा 'आपका प्रकरण विचाराधीन है। अगली डिजिटल तारीख का इंतजार करें।'

व्यवस्था की सबसे बड़ी चतुराई यही है। वह बिल्डर को नया साम्राज्य खड़ा करने का लाइसेंस चौबीस घंटे में दे देती है, और खरीदार के इंसाफ को दस साल तक %बफरिंग% में अटकाए रखती है।

गोपाल बाबू की जेब में रखा पुराना फोन अचानक थरथराया।

बैंक का ऑटो-डेबिट एसएमएस था 'मकान ऋण की मासिक ईएमआई 28,400 रुपये सफलतापूर्वक काटी गई। शेष किश्तें- चौरासी।'

नवंबर की बर्फीली हवा उस खुली छत के आर-पार बह रही थी। कमला का सिर अचानक कुर्सी पर एक तरफ ढुलक गया। उसकी सांसें रुक-रुककर चल रही थीं।

गोपाल बाबू घुटनों के बल बैठ गए। उन्होंने अपनी कांपती जेब से एक चमचमाता हुआ पीतल का नकली चाबी का गुच्छा निकाला, जिसे वे बाजार से खरीदकर लाए थे ताकि कमला को लगे कि सचमुच घर मिल गया है।

उन्होंने उस ठंडी हथेली में वह गुच्छा थमाया।

कमला ने आधी खुली, धुंधली आंखों से उन नंगी ईंटों की दीवारों को देखा। उसके सूखे होठों पर एक बेजान सी मुस्कान उभरी 'सुनो... हमारा घर बहुत सुंदर है...' और अगले ही पल उसकी आंखें हमेशा के लिए बंद हो गईं। हाथ से वह चाबी का गुच्छा छूटकर कंक्रीट पर गिर पड़ा।

ठीक उसी समय, नीचे मुख्य सड़क पर लगा वह विशाल डिजिटल बिलबोर्ड चमक उठा 'बधाई! हमारे शहर में प्रॉपर्टी बाजार ने तोड़े सारे रिकॉर्ड। आज ही बुक करें अपने सपनों का महल!'

और सोलहवीं मंजिल के उस वीरान अंधेरे में, उस अधूरे कंक्रीट के बीच गोपाल बाबू अपनी मृत पत्नी की कुर्सी से लिपटकर इस कदर बिलख पड़े कि नीचे गुजरते ट्रैफिक का शोर भी उस लाचार बुजुर्ग की सिसकियों के आगे गूंगा नजर आने लगा।

मध्य प्रदेश पाटीदार समाज संगठन तहसील सारंगपुर का निर्वाचन सर्वसम्मति से संपन्न



राऊ। निर्वाचन अधिकारी देवीसिंह पाटीदार ने बताया कि मध्य प्रदेश पाटीदार समाज संगठन तहसील सारंगपुर का निर्वाचन आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। निर्वाचन में समाजजनों ने एकजुटता का परिचय देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों का सर्वसम्मति से चयन किया।

नवनिर्वाचित तहसील कार्यकारिणी

तहसील अध्यक्ष महेश पाटीदार, सारंगपुर महामंत्री सुनील पाटीदार ,कोलूखेड़ा अध्यक्ष सुरेशचंद्र पाटीदार, सारंगपुर उपाध्यक्ष अंबाराम पाटीदार, ढाकनी सचिव अजय पाटीदार, कालूखेड़ा सह सचिव ललित पाटीदार, पडलिया माताजी मीडिया प्रभारी नागेश्वर पाटीदार, काचरिया भाई, संगठन सचिव अशोक पाटीदार, ब्यावरा मांडू प्रवक्ता प्रकाश पाटीदार, कालूखेड़ा कार्यकारिणी सदस्य रामजी पाटीदार, मगराना दुर्गा प्रसाद पाटीदार, ढाकनी , जिला प्रतिनिधि सर्वसम्मति से निम्न समाजजनों को जिला प्रतिनिधि बनाया गया।

सतीश पाटीदार सारंगपुर , मांगीलाल पाटीदार सारंगपुर , कमलेश पाटीदार सारंगपुर , अशोक चौधरी सारंगपुर ,अरुण कुमार पाडलिया माताजी , राजीव अंगर पालडिया माताजी , रोहित रावतिया ब्यावरा मांडू , बद्री प्रसाद अध्यापक, पालडीया माताजी प्रांत प्रतिनिधि सर्वसम्मति से निम्न समाजजनों का प्रांत प्रतिनिधि के रूप में चयन किया गया। नंदकिशोर पाटीदार सारंगपुर , संतोष नगीना सारंगपुर , संतोष पाटीदार सारंगपुर।

बंजारी में आगरा-मुंबई फोरलेन के पास कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

गांव-गांव संगठन मजबूत करने में जुटी कांग्रेस

छह गांवों में वार्ड अध्यक्ष नियुक्त

पीथमपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों को देखते हुए मतदाता सूची पर पकड़ बनाने के उद्देश्य से कांग्रेस ने गांव स्तर पर अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं।

इसी क्रम में महू ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में ग्रामवार वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति और वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत ग्राम पिपलकूट दड़ा, रिछाबयड़ी, डोंगरगांव, बंजारी, भाटखेड़ी और टीही में नवनियुक्त वार्ड अध्यक्षों का स्वागत-सम्मान किया गया। वहीं ग्राम बंजारी में मंडलम अध्यक्ष छुट्टन कुरैशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

आयोजन आगरा-मुंबई फोरलेन स्थित मुख्य हाईवे के पास किया गया। सम्मेलन में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद और राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए। नारेबाजी के बीच कार्यकर्ताओं ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने और मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को सक्रियता से आगे बढ़ाने का संकल्प जताया।

कार्यक्रम में इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने कहा कि कांग्रेस को जमीन पर मजबूत करने के लिए सबसे पहला काम मतदाता सूची पर ध्यान देना और उस पर पूरी ईमानदारी से काम करना है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बूथ और ग्राम स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका जरूरी है। मतदाता सूची में पात्र मतदाताओं के नामों की जांच करना और किसी भी तरह की त्रुटि को सामने लाना संगठन के काम की शुरुआत होगी।

मंडलम अध्यक्ष छुट्टन कुरैशी ने वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ग्राम चौपाल के माध्यम से मतदाता सूची की जांच करेगी और वोट चोरी के मामलों को सामने लाएगी। कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर सूची का मिलान करेंगे। पात्र मतदाताओं के नाम सूची में हैं या नहीं, किसी का नाम गलत तरीके से हटाया तो नहीं गया और कहीं गलत नाम तो शामिल नहीं हैं, इन सभी बिंदुओं पर जानकारी जुटाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में गड़बड़ी मिलने पर कांग्रेस उसे संबंधित स्तर पर उठाएगी।



वोटर लिस्ट पुनरीक्षण को लेकर ग्राम चौपाल लगाने की तैयारी; कांग्रेस और राहुल गांधी जिंदाबाद के नारों से गूंजा आयोजन स्थल

छह गांवों में नियुक्त किए गए वार्ड अध्यक्ष

महू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया कि संगठन विस्तार के तहत ग्राम पिपलकूट दड़ा, रिछाबयड़ी, डोंगरगांव, बंजारी, भाटखेड़ी और टीही में ग्रामवार वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। नियुक्तियों के बाद नवनियुक्त अध्यक्षों का स्वागत-सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि गांवों में संगठन को सक्रिय करने के साथ वार्ड और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय की जा रही है, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम व्यवस्थित तरीके से किया जा सके।

वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के लिए गांवों में पहुंचेंगे कार्यकर्ता

कांग्रेस की ओर से मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर गांवों में जनसंपर्क और चौपाल आयोजित करने की तैयारी है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाता सूची का मिलान करेंगे और पात्र मतदाताओं के नामों की स्थिति की जानकारी जुटाएंगे। जिन लोगों के नाम सूची में नहीं हैं या जिनकी जानकारी में त्रुटि है, उन्हें नियमानुसार सुधार और नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। पार्टी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने के साथ मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं को सामने लाना है।

जिला और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी सहित सैकड़ों कांग्रेसजन मौजूद

कार्यकर्ता सम्मेलन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव, विधानसभा प्रभारी दीपक दंडीर, ब्लॉक प्रभारी लोकेश धूलिये, अफसर पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जुगनू जादवसिंह धनावत, मंडलम अध्यक्ष छुट्टन कुरैशी, अफरोज खान, जीतू ठाकुर, शक्ति गोयल, मुजीब मेहर, अमित अग्रवाल, महेंद्र यादव, मेहरसिंह पटेल, गोकुल चौधरी, मनोज श्रीवास्तव, भगत पटेल, गजेंद्र राठौर, ओम पटेल, रवि गोस्वामी, मनान मेहर, राकिब मेहर, शिबू भाई, बादशाह खान, श्रीराम चौहान, ज्वाला प्रसाद बामनिया, राम पटेल, दीपक सेठ, नाजिल मेहर, मुकराम कुरैशी, अकरम कुरैशी, अभिषेक यादव, प्रवीण पाटिल, साहिल पटेल, शहवाज भाई, हुकम गुर्जर, तगीज मेहर, विष्णु दोहया, जयप्रकाश, राजीव वर्मा, बालराम यादव, हीरालाल यादव, घनश्याम यादव, विवेक मीणा, मुस्तकीम गांधी, हनान मेहर, राधेश्याम पटेल, मांगीलाल चौधरी और रामेश्वर गुर्जर सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकिब मेहर ने किया तथा आभार मंडलम अध्यक्ष छुट्टन कुरैशी ने माना।

सागौर कुटी चौराहे के पास हुआ हादसा, टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार

महू-नीमच मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

बाइक सवार युवक घायल, घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद धार रेफर किया

पीथमपुर। थाना क्षेत्र में महू-नीमच मार्ग पर सागौर कुटी चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसके साथ जा रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से दोनों को एंबुलेंस के माध्यम से पीथमपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान तारा, पति शेरू मेड़ा, निवासी ग्राम बलवाड़ी, थाना गंधवानी, जिला धार के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक की पहचान शाहरुख, पिता निर्भव के रूप में बताई गई है। दोनों बाइक से सतनाला से धार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान महू-नीमच मार्ग पर सागौर कुटी चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया।

अस्पताल पहुंचने से पहले महिला ने दम तोड़ा

हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को पीथमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल ले जाते समय महिला की मौत हो गई। घायल शाहरुख को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया और उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए धार जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला के शव को सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवाया गया।

सूचना पर पुलिस और डायल 112 की टीम पहुंची

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल की जानकारी जुटाई। हादसे में शामिल अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान और दुर्घटना के कारणों की जानकारी जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

मेडिकल कॉलेजों के शिक्षक 14 दिसंबर से करेंगे आंदोलन

इन्दौर (इ) प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन मप्र ने दो साल से अधिक समय बीतने के बाद भी अपनी 12 सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होने के चलते प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। जिसके बाद इन्दौर एमजीएम मेडिकल कॉलेज सहित प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों के टीचर्स 14 दिसंबर से आंदोलन करेंगे। एसोसिएशन के अनुसार 14 दिसंबर 2026 से प्रदेश के 19 शासकीय और स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत करीब 4 हजार चिकित्सा शिक्षक आंदोलन शुरू करेंगे। इससे पहले 8 दिसंबर को विधानसभा तक मार्च निकालकर सरकार और संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। एसोसिएशन का कहना है कि बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद ठोस निर्णय नहीं होने से चिकित्सा शिक्षकों में नाराजगी बढ़ रही है। अब एसोसिएशन ने मांगों के निराकरण के लिए कार्यक्रम घोषित किया है।

8 दिसंबर को विधानसभा तक निकालेंगे मार्च

पवन ट्रेवल्स की बस से पीथमपुर से महाराष्ट्र जा रहा था यात्री

चलती बस में यात्री के बैग से 3.50 लाख रुपए चोरी

धामनोद पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

पीथमपुर।बस में सफर के दौरान यात्री के बैग से 3 लाख 50 हजार रुपए चोरी करने के मामले में धामनोद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की पूरी रकम बरामद करने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहिनुद्दीन खान (28), निवासी उखलदा, जिला धार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को रविवार, 22 नवंबर को न्यायालय में पेश किया।



मुखबिर और तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी तक पहुंची पुलिस

पुलिस के मुताबिक महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले के निवासी चुड़ामन सूर्यवंशी ने धामनोद थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 13 नवंबर 2026 को वे पवन ट्रेवल्स की बस क्रमांक MP-13-ZT-9113 से पीथमपुर से महाराष्ट्र जा रहे थे। रात करीब 11 बजे बस हाईवे स्थित एक होटल पर रुकी। इस दौरान चुड़ामन अपना बैग बस की सीट पर छोड़कर वॉशरूम चले गए।

वॉशरूम से लौटे तो खुला मिला बैग

वॉशरूम से वापस लौटने पर यात्री ने देखा कि उनका बैग खुला हुआ था। बैग में कपड़ों के बीच रखे 500-500 रुपए के सात बंडल गायब थे। चोरी गई रकम की कुल कीमत 3 लाख 50 हजार रुपए थी। इसके बाद उन्होंने धामनोद थाने में शिकायत दर्ज कराई।

वॉशरूम जाने के दौरान सीट पर रखा बैग मिला खुला

मुखबिर और तकनीकी जानकारी से आरोपी तक पहुंची पुलिस

पुलिस ने अपराध क्रमांक 585/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की। पुलिस टीम ने मुखबिर से मिली सूचना और तकनीकी जानकारी के आधार पर मोहिनुद्दीन पिता सलीम खान को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी की पूरी 3 लाख 50 हजार रुपए की राशि जब्त की गई।

एसडीओपी के मार्गदर्शन में हुई कार्रवाई

मामले में कार्रवाई एसडीओपी धामनोद अर्चना रावत के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

अवैध खनिज परिवहन पर बड़ी कार्रवाई,4 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

देवास, अंतिम यादव।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार खनिज विभाग की टीम द्वारा खातेगांव एवं सतवास क्षेत्र में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध आकस्मिक जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान खनिज विभाग की टीम द्वारा अवैध रूप से खनिज परिवहन करते हुए 4 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जप्त की गई।

इनमें 3 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां रेत से भरी हुई तथा 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली गिट्टी चूरी से भरी हुई पाई गई। जप्त की गई रेत से भरी 3 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को थाना नेमावर की सुरक्षा में खड़ा कराया गया, जबकि गिट्टी चूरी से भरी 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाना सतवास की सुरक्षा में खड़ा कराया गया है। चारों प्रकरणों में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम, 2022 में निहित प्रावधानों के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कर्मसाक्षी के सुन्दर कैलेंडर में देव दर्शन

इन्दौर। दीपावली मिलन समारोह जारी है द्य इसी क्रम में कर्मसाक्षी पत्र द्वारा दीपावली मिलन समारोह एक निजी होटल में आयोजित किया गया द्य कार्यक्रम में फिल्म अभिनेत्री सारिका दीक्षित ,इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक कर्दम ने नूतन वर्ष कैलेण्डर का विमोचन किया द्य इस मोके पर इंदौर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी, संजय त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, पूनम शर्मा, ममता शर्मा, शिखा काबरा, रक्तदाता अशोक नायक, मुकेश शर्मा, ऋतु साहू विशेष रूप से उपस्थित थे द्य कर्म साक्षी की सम्पादक सरिता शर्मा ने बताया कि नये वर्ष के लिए प्रकाशित यह कैलेण्डर पठनीय और संग्रहणीय है द्य सभी पृष्ठों पर देवी देवताओं के चित्र है, जो सुंदर और दर्शनीय हैद्य उल्लेखनीय है कि कर्मसाक्षी द्वारा हर दीपावली पर कैलेण्डर का प्रकाशन किया जाता हैद्य



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग मल्हारगंज, जिला इंदौर (म.प्र.)

कोर्ट रूम नं. 104 - 105 प्रथम तल संयुक्त तहसील कार्यालय, सुपर कॉरिडोर पर रेलवे ब्रिज के पास टिगरिया बादशाह जिला इंदौर
क्रमांक 1463 / प्रवाचक / 2026

विज्ञप्ति

इन्दौर, दिनांक 05/11/2026
प्र.क्र. 0006/अपील/2026-27

महेश पिता हरिराम हरियाणी एवं अन्य
बनाम
मोरसिंह पिता मिलाब सिंह (मृत) एवं अन्य

1	गुरदीप सिंह उर्फ मोन्टी पिता स्व सुरजनसिंह व परमजीत सिंह पिता स्व मोर सिंह	पता- 154, बैराठी कॉलोनी क्र 02 इन्दौर, जिला इन्दौर म.प्र.
2	शंकरलाल पिता मूलचंद समाधिया (मृत) तर्फे वारिसगण अ- श्रीमती उमा पति स्व शंकरलाल समाधिया ब- हेमंत समाधिया पिता स्व शंकरलाल समाधिया स- मनीष पिता शंकरलाल समाधिया द- कपिला पिता स्व शंकरलाल समाधिया ई- मंदाकिनी पिता स्व शंकरलाल समाधिया	सभी निवासी- 135-बी, तुलसी नगर, अपोलो डी.बी. सि के पास, निपानिया, जिला इन्दौर म.प्र.
3	राजेश पिता दलसुख भाई उदानी श्रीम अल्का पति राजेश कुमार उदानी	पता- बी-जी-243, स्कीम नम्बर 54, विजय नगर जिला इन्दौर
4	रमेश पिता चंदर सिंह चौहान	पता- ग्राम अलवासा पोस्ट पालिया तह. हतोद जा इन्दौर
5	श्रीमती विद्या देवी पति शाशंक तारे	पता- 01, लोधी मोहल्ला इन्दौर
6	श्री रामनरेश पिता शिवप्रसाद हार्डिया व श्री मिथलेश पिता शिवप्रसाद हार्डिया	दोनों निवासी- 83, हीरा नगर, इन्दौर
7	श्री शिवकुमार पिता मांगीलाल प्रजापति	पता - 67, गोविन्द कॉलोनी, इन्दौर
8	श्रीमती सुरेखा पति श्रीकांत ठाकुर	पता- 303 पुष्परत्न, 5-6 डायमंड कॉलोनी, न्यू पलासिया इन्दौर
9	सुनील पिता गोपालदास चावला	पता - 301, रिजेंसी एवेन्यू 84 श्रीनगर मेन इन्दौर
10	सुप्रभात पिता सुरेश चौकसे	पता- डी - 701, पुष्पा नगर, भोपाल म.प्र.
11	अशोक पिता बद्रीप्रसाद जायसवाल	पता- 659 ऊषा नगर अन्नपूर्णा रोड इन्दौर
12	सुरेश पिता विट्ठलराव पिंगले	पता- 63 मिश्र नगर, अन्नपूर्णा रोड, इन्दौर
13	श्रीमती संगीता पति प्रवीण थम	पता- जिला इन्दौर म.प्र.
14	इंद्रजीत सिंह पिता सुमेर सिंह डागलिया	पता- जिला इन्दौर म.प्र.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, अपीलार्थी महेश कुमार, श्याम कुमार पिता हरिराम हरियाणी के द्वारा इस न्यायालय में अपर तहसीलदार मल्हारगंज जिला इन्दौर म0प्र0 के ग्राम भंवरासला के प्रकरण क्रमांक 0033/ब-121/ 2024-25 में पारित आदेश दिनांक 15/10/2025 से असंतुष्ट होकर अपील अंतर्गत धारा 44 (1) म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 व अवधि विधान की धारा-5 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के सम्बंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि, आप न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग मल्हारगंज जिला इन्दौर कक्ष क्रमांक 104-05 प्रथम तल संयुक्त तहसील मल्हारगंज कार्यालय, सपुर कॉरिडोर पर रेलवे ब्रिज के पास टिगरिया बादशाह जिला इन्दौर में दिनांक 26/11/2026 को समय सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के माध्य से उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन करें। अनुपस्थिति की दशा में विधि अनुसार कार्यवाही सम्पादित की जाएगी।

आज दिनांक 05/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद्मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग मल्हारगंज, जिला इंदौर

पानी के संकट से बचना है तो जल का सदुपयोग करें

देवास,पवनयादव। भगवान श्री कृष्ण ने अपनी बाल लीला में पृथ्वी की मानव जाति को प्रकृति की सर्वक्षण का संदेश दिया है गोमाता कि सेवा से 33 कोटि के देवता की पूजा का फल प्राप्त होता है ।

अमरीका की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोध ने स्पष्ट कर हमारी गाय माता का दूध अमृत है वहीं गोमूत्र असाध्य बीमारी को नष्ट करने वाली औषधि है। गाय के गोबर का कण्डा जिस पर घी डाल कर धुँआ के ग्रहण करने से चंद दिनों में श्वास की बीमारी नष्ट हो जाती है । विदेशों में गाय के गोबर के कंडे की भस्म को पानी में घोल कर एनर्जी ड्रिंक के रूप में पिया जा रहा है । गाय केवल एक पशु नहीं वो हमारी संजीवनी है । दिलीप अग्रवाल गौ सेवक के रूप में गाय माता की कृपा से ही धर्म के बड़े कार्य करते हुए हजारों बालिकाओं का निः शुल्क विवाह कर कन्या दान के महा पुण्य को अर्जन कर रहे है। गोवर्धन की पूजा के महत्व को भगवान श्रीकृष्ण केवल धर्म की रक्षार्थ ही नहीं बल्कि प्रकृति की रक्षा बताया है पर्वतो का सरक्षण हमे ओषधि के साथ जल वर्षा प्रदान करता है । हमे पानी के संकट से बचना है तो जल का सदुपयोग करो दुरुपयोग नहीं । यह विचार संजय नगर में दिलीप अग्रवाल द्वारा 15 कन्याओं के निः शुल्क विवाह समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित श्री मद भागवत कथा के पांचवे दिन श्री कृष्ण की बाल लीला का वर्णन करते हुए भगवताचार्य साध्वी परमेश्वरी जी ने व्यक्त किए । कथा के दौरान बतौर अतिथि महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, पार्षद धर्मेंद्र सिंह बेस ने साध्वी परमेश्वरी जी का अभिनंदन किया तथा स्वच्छता में देवास नम्बर एक आने पर भागवत मंच संजय नगर वार्ड के सफाई कर्मियों का सम्मान किया तथा उपस्थित जनों से पानी बचाने का निवेदन किया।